r website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com

Solved Question Bank (In Hindi)

कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग-I

Community Health Nursing-I For GNM Students

Previous 5 Years Question Papers

As per the INC Syllabus

Arjita Sengar

2nd Edition

JAYPEE

अनुक्रमाणिका

SOLVED PAPERS

1. Community Health Nursing–I, November 2023 3
2. Community Health Nursing–I, December 2022 16
3. Community Health Nursing–I, December 2021 30
4. Community Health Nursing–I, August 2020 45
5. Community Health Nursing–I, August 2019 64

OTHER IMPORTANT QUESTIONS

6. Short Notes 87
7. Long Answers 134
8. Multiple Choice Questions 149
9. Fill in the Blanks 178
10. True and False 192

COMMUNITY HEALTH NURSING–I

August 2019

Course: Diploma in General Nursing and Midwifery **Year:** First
Subject: Community Health Nursing–I **Code:** 4504
Time: 3 hours **M. Marks:** 75

1. Four options of answer of each question are given. Only one option is correct. Choose and write only correct option after writing question no. (1 × 5 = 5)

1.1 National Malaria Eradication Programme was started in which year:
राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की शुरूआत हुई थीः
(a) 1994
(b) 1954
(c) 1953
(d) 1958
उत्तरः (d) 1958 1

1.2 Scurvy results from defiency of:
स्कर्वी .... की कमी के कारण होता है।
(a) Vitamin C (विटामिन—सी)
(b) Vitamin B (विटामिन—बी)
(c) Vitamin D (विटामिन—डी)
(d) Vitamin—A (विटामिन—ए)
उत्तरः (a) Vitamin C विटामिन—सी 1

1.3 DPT vaccine is administered by which method:
डी०पी०टी० का टीका किस विधि से दिया जाता है
(a) Oral route (मुँह द्वारा)
(b) IM route (अन्तः पेशीय)
(c) Intra dermal route (अन्तः त्वचा द्वारा)
(d) Subcutaneous (अधत्वचीय)
उत्तरः (b) IM route अन्तः पेशीय 1

JAYPEE BROTHERS

1.4 UNICEF was established in year:
यूनीसेफ की स्थापना किस वर्ष में हुई:
(a) 1946
(b) 1947
(c) 1948
(d) 1949
उत्तर: (a) 1946 1

1.5 Which of the following method removes the hardness of water:
पानी की कठोरता को कम करने की विधि कौन सी है:
(a) Boiling (उबालना)
(b) Filteration (छानना)
(c) Storage (संग्रहण)
(d) None of these (कोई नहीं)
उत्तर: (a) Boiling (उबालना) 1

2. Choose right and wrong in the following statements. (1× 5 = 5)

2.1 Tuberculosis is caused by contraminated water.
क्षयरोग दूषित पानी पीने से होता है।
उत्तर: गलत 1

2.2 World Health Organization is an international organization.
विश्व स्वास्थ्य संगठन एक अन्तर्राष्ट्रीय संस्था है।
उत्तर: सही 1

2.3 ICDS scheme was started in year 1970.
आई०सी०डी०एस० स्कीम 1970 में प्रारम्भ हुई।
उत्तर: गलत 1

2.4 Milk is a rich source of Iron.
दूध में आयरन की भरपूर मात्रा होती है।
उत्तर: गलत 1

2.5 Fresh air contain 20.93% of oxygen.
शुद्ध हवा में 20.93% आक्सीजन होती है।
उत्तर: सही 1

3. Fill up the blanks: (1 × 5 = 5)

3.1 Temperature in cold chain is maintained between............... to ....
कोल्ड चैन में तापमान ....से .... रखा जाता है।
उत्तर: 2°C–8°C 1

JAYPEE BROTHERS

3.2 One Community Health Centre covers population of ....

एक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र...................... जनसंख्या को कवर करता है।

उत्तरः 1,20,00 1

3.3 Tubectomy is a permanent .... contraceptive method.

ट्यूबेक्टोमी एक स्थाई .... गर्भनिरोधक विधि है।

उत्तरः Female 1

3.4 Unit for measuring noise is known as............................

शोर के माप को नापने की ....इकाई है।

उत्तरः decible

3.5 One gram of protein give........................ calorie of energy.

एक ग्राम प्रोटीन में ....कैलोरी ऊर्जा पायी जाती है।

उत्तरः 4 1

4. Write short notes on any 4 of the following.

4.1 Referral system. रेफरल प्रणाली

उत्तरः रेफरल प्रणाली

परिभाषा/Definition

यह एक ऐसी व्यवस्था है जहाँ रोगी को उपचार के लिए कम संसाधन एवं सुविधायुक्त चिकित्सालय से अधिक संसाधन एवं सुविधायुक्त चिकित्सालय में स्थानांतरित (transfer) कर दिया जाता हैं।

उदाहरण– प्राथमिक स्वास्थ्य केंन्द्र (Primary health centre) से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (Community health center) में भेजना।

महत्व/(Importance)

1. रोगी के उपचार के लिए सर्जरी, सभी प्रकार की निदानात्मक सेवाएँ (diagnostic services) उपलब्ध कराना।
2. रोगी को विशेषज्ञ सेवाएँ (specialized) उपलब्ध कराना।
3. यदि कोई रोगी प्राथमिक केन्द्र में प्रबंधित (manage) नहीं हो पा रहा तो कर्मचारी उसे बिना किसी उलझन के अच्छे अस्पताल में भेज सकें।
4. रोग का उपचार करते समय स्वास्थ्य कर्मी उपचार की सीमा में रहें।
5. रेफरल भेजने लायक रोगियों की समीक्षा (review) करना।
6. रोगी को सुरक्षित एवं सुविधापूर्ण रेफरल केन्द्र में स्थानांतरित करना।

JAYPEE BROTHERS

रेफरल प्रणाली के स्तर (Level of referral system)



रेफरल के लिए रोगी की चयन प्रणाली (Selection of patient for referral)

किसी भी रोगी को रेफर (refer) नहीं किया जा सकता। रेफरल के लिए रोगी की विशेष कसौटी (criteria) होनी चाहिए। यह कसौटी है–

1. यदि रोगी मरणासन अवस्था (Fatal condition) में हो एवं उचित उपचार के बाद भी उसका बचना संभव न हो।
2. यदि रोगी की स्थिति गंभीर हो (serious condition) एवं रेफरल के द्वारा उसकी हालत में सुधार किया जा सकता हो।
3. सामान्य रोगी को यदि कोई खतरनाक (dangerous), तीव्र संक्रामक (severe infectious) रोग है तो ऐसे रोगी को भी रेफर कर सकते हैं।

रेफरल प्रणाली में नर्सिंग उत्तरदायित्व (Responsibility of nurse in referral system)

1. रेफरल प्रणाली क्या है एवं इसका कार्य किस प्रकार होता है, आदि की जानकारी नर्स को होनी चाहिए।
2. उसे रेफरल के लिए रोगी का चयन, कसौटी (criteria) को ध्यान में रखकर सावधानीपूर्वक करना चाहिए।
3. रोगी को प्राथमिक चिकित्सा (primary treatment) देकर उसकी स्थिति के स्थिर (stable condition) होने के बाद ही रेफर करना चाहिए।
4. रोगी को रेफरल के लिए स्थानांतरित (transfer) करते समय रिकॉर्ड में पूर्ण (complete) एवं सही (accurate) जानकारी साफ एवं स्पष्ट रुप से भरी जानी चाहिए।

JAYPEE BROTHERS

5. रोगी को भेजने से पहले उसके रिकॉर्ड की पूरी जाँच कर, सभी रिकॉर्ड एक साथ संलग्न कर भेजने चाहिए।
6. गम्भीर अवस्था (critical condition) के रोगी को भेजते समय उसकी स्थिति के अनुसार आवश्यक प्राणरक्षक उपकरण एवं औषधियां (life saving equipment and medicine) भी उसके साथ भेजनी चाहिए।
7. रेफरल संस्था को टेलीफोन द्वारा पूर्व सूचना देना ताकि वह रोगी के उपचार की पहले से तैयारी कर सकें।

4.2 Immunization. (प्रतिरक्षण)

उत्तर: प्रतिरक्षण (immunization) की परिभाषा– प्रतिरक्षण वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी व्यक्ति की प्रतिरक्षा प्रणाली को किसी रोगकारक (Immunogen) के विरुद्ध सशक्त बनाया जाता है।

प्रतिरक्षण का सिद्धान्त यह है कि जब किन्ही वाहय अणु (pathogen) को शरीर में प्रवेश कराया जाता है तो शरीर कि प्रतिरक्षा प्रणाली इससे लड़ना शुरू कर देती है। इतना ही नहीं प्रतिरक्षा प्रणाली कि स्मृति (memory) में यह बात अंकित हो जाती है, जिससे भविष्य में यदि वह वाहय अणु (pathogen) प्रविष्ट होते हुए पाये जाते हैं तो प्रतिरक्षा प्रणाली तेजी से उन पर विजय प्राप्त करती है।

किसी बीमारी के विरुद्ध प्रतिरोधक क्षमता (immunity) विकसित करने के लिए जो दवा खिलाई या पिलाई या किसी अन्य रूप में दी जाती है, उसे टीका (vaccine) कहते हैं तथा यह क्रिया टीकाकरण (vaccination) कहलाती है।

राष्ट्रीय टीकाकरण अनूसूचि (National immunization schedule)

समय (अवधि)	*टीका (Vaccine)*
जन्म पर (At birth)	बी. सी. जी. (B.C.G.) ओ. पी. वी. (OPV–Oral polio vaccine)
डेढ़ महीना (6 हफ्ते)	बी. सी. जी. (यदि जन्म पर न लिया हो तो) डी. पी. टी. (DPT)–1 ओ. पी. वी. (OPV)–1 हिपेटाइटिस बी. (Hepatitis-B)–1 इन्फ्लूएंजा (Hib)–1
ढ़ाई महीने (10 हफ्ते)	डी. पी. टी. (DPT)–2 ओ. पी. वी. (OPV)–2 हिपेटाइटिस बी (Hepatitis-B)–2 इन्फ्लूएंजा (Hib)–2
साढ़े तीन महीना (14 हफ्ते)	डी. पी. टी. (DPT)–3 ओ. पी. वी. (OPV)–3 हिपेटाइटिस बी. (Hepatitis-B)–3 इन्फ्लूएंजा (Hib)–3

JAYPEE BROTHERS

समय (अवधि)	टीका (Vaccine)
9 महीना	खसरे का टीका (Measles)
16–25 माह	डी. पी. टी.–बूस्टर (DPT Booster) ओ. पी. वी.–(OPV)–4 एम. एम. आर. (MMR) जपानीज एन्सेफलाइटिस (Japanese encephalitis)
5–6 वर्ष की आयु	डी. पी. टी. (DPT)
10 वर्ष	टी. टी. (TT)
16 वर्ष	टी. टी. (TT)
गर्भावस्था (4–5 महीने के बीच)	टी. टी (TT)–1 टी–टी (TT)–2 (पहली खुराक के एक महीने बाद) टी. टी. बूस्टर (यदि तीन साल में कभी टीका लिया है तो)
9, 18, 24, 30, 36 महीना	विटामिन ए (Vitamin A)

4.3 अण्डर फाइव क्लीनिक के बारे में लिखें। (Write about Under Five Clinics)

उत्तर: Under Five Clinics

- जन्म से लेकर पाँच वर्ष की आयु तक के बच्चे के वृद्धि एवं विकास (growth and development) को मॉनीटर करने एवं उसे किसी प्रकार के रोग से ग्रस्त होने से बचाने के लिए under five clinics की स्थापना की गई है।
- यह क्लीनिक एन्टीनेटल क्लीनिक (Antenatal clinic) के साथ ही चलाया जाता है।
- इसके तीन मुख्य धटक (Component) हैं–



1. **वृद्धि मॉनीटरिंग (Growth monitoring)**
   इसमें बच्चे की शारीरिक एवं मानसिक वृद्धि (growth) एवं विकास (development) का आँकलन किया जाता है। खासतौर पर इसमें वजन की वृद्धि का आँकलन किया जाता हैं जो इस प्रकार है:

- प्रथम वर्ष–प्रतिमाह 1 बार
- द्वितीय वर्ष–दो माह में 1 बार
- 5–6 वर्ष तक–तीन माह में 1 बार

   इस वजन को वृद्धि चार्ट (Growth chart) पर रिकॉर्ड करते हैं जो बच्चे का Growth curve दर्शाता है। इस Curve के अनुरुप बच्चे की अनुकूल (favorable) एवं प्रतिकूल (unfavorable) वृद्धि का आँकलन किया जाता है।

2. **रोकथाम देखभाल (Preventive care)**
   - **शारीरिक परीक्षण (Physical examination):** बच्चे का नियमित (regular) एवं निरंतर (continuous) समय–समय पर शारीरिक परीक्षण किया जाता है। जोखिम वाले (high risk) बच्चों को चिंह्ति कर उन्हें विशेष देखभाल प्रदान की जाती है।
   - **पोषण देखभाल (Nutritional care):** इस उम्र में बच्चों में पोषण की कमी (Nutritional deficiency) के रोगी होने की संभावना अधिक होती है, इसलिए इस क्लीनिक के माध्यम से बच्चे के उचित पोषण एवं आहार पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकती है।
   - **टीकाकरण (Immunization):** बच्चों को कई संक्रामक एवं जानलेवा बीमारियों से बचने के लिए टीकाकरण किया जाता है।
   - **ओरल रिहाईड्रेशन थेरेपी (Oral rehydration therapy):** बच्चों में अतिसार (diarrhea) एवं वमन (vomiting) से निर्जलीकरण (dehydration) की समस्या बढ़ जाती है। यदि समय रहते इसका उपचार नहीं किया तो यह जानलेवा सिद्ध हो सकता है। इसलिए इस क्लीनिक में बच्चों के लिए मुफ्त ORS (Oral rehydration solution) बाँटा जाता है।
   - **स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार नियोजन (Health education and family planning):** यह क्लीनिक स्वास्थ्य शिक्षा देने का उपयुक्त स्थान होता है। यहाँ बच्चों की देखभाल संबंधित शिक्षा से लेकर माताओं को परिवार नियोजन की शिक्षा भी दी जाती है।

3. **अस्वस्थता में देखभाल (Care in illness)**
   यह रोकथाम के साथ प्रोत्साहक (promotive) एवं चिकित्सकीय (curative) सेवा भी प्रदान करती है। बच्चे में उपस्थिति तीव्र (severe) एवं दीर्धकालिक (chronic) रोगों का उपचार तथा वृद्धि एवं विकास संबंधित विकार का निदान (diagnosis) एवं उपचार भी किया जाता है।

JAYPEE BROTHERS

for detailed information on nursing books, visit our website www.jaypeebrothers.com, for detailed information on nursing bo

Solved Question Bank (In Hindi)

कम्युनिटी हेल्थ नर्सिंग-I

Community Health Nursing-I

विशेष गुण (Salient features)

- इस पुस्तक में पिछले पाँच वर्ष के पूर्ण समाधित (Fully solved) प्रश्न पत्र दिए गए हैं।
- हिन्दी एवं अंग्रेज़ी, दोनों ही भाषा का प्रयोग किया गया है ताकि भाषा को सरल एवं समझने में आसान बनाया जा सके।
- हिन्दी के संग अंग्रेज़ी के शब्दों का भी प्रयोग किया गया है ताकि यह पुस्तक, दोनों भाषाओं में पढ़ने वाले बच्चों को लाभ पहुँचाए।
- प्रश्न पत्र के अलावा अन्य महत्वपूर्ण एवं संभावित प्रश्न तथा विगत वर्षों में आए प्रश्न भी Short notes एवं Long notes के रूप में पुस्तक में दिए हैं, जिससे इसमें 2010 से सभी प्रश्न पत्र के उत्तर मिल जाएँगे।
- अभ्यास के लिए अतिरिक्त MCQ's, Fill in the blanks एवं True/false भी दिए गए हैं, जो किसी न किसी नर्सिंग परीक्षा में आए हैं।
- प्रश्न के उत्तरों को आसान भाषा में पॉइंट्स में लिखा है तथा जहाँ आवश्यक है वहाँ Flowcharts का भी प्रयोग किया है, ताकि उत्तर याद रखने में आसानी रहे।

अर्जिता सेंगर ने BSc (Nursing), Maharashtra University of Health Sciences, नासिक से किया है तथा वह यूनिवर्सिटी की 'Gold Medalist' रही हैं। उन्होंने MSc (Obstetric and Gynecological Nursing), Rajiv Gandhi University of Health Sciences, Bangalore से किया है। साथ ही उन्होंने Symbiosis Centre of Health Care, Pune से Postgraduate Diploma, Hospital and Healthcare Management भी प्राप्त किया है। उन्होंने अपने विषय नर्सिंग में वर्ष 2023 में PhD की डिग्री भी प्राप्त की है। इनको 13 वर्ष से भी अधिक teaching experience है। Research के क्षेत्र में भी काफी अग्रसर हैं। कई राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय Journal में इनके पेपर पब्लिश हुए हैं तथा कई पेपर प्रेजेंट भी कर चुकी हैं। वह लेखन में विशेष रुचि रखती हैं तथा कई संस्थानों की वार्षिक पत्रिकाओं की संपादक भी रह चुकी हैं।

Printed in India

Available at all medical bookstores
or buy online at www.jaypeebrothers.com

JAYPEE BROTHERS
Medical Publishers (P) Ltd.
EMCA House, 23/23-B, Ansari Road,
Daryaganj, New Delhi - 110 002, INDIA
www.jaypeebrothers.com

Join us on facebook.com/JaypeeMedicalPublishers

ISBN 978-93-5696-531-7